साइबर सिक्योरिटी पर एकांकिका प्रतियोगिता

'साई-फाई 2017' ट्रॉफी के तीन दिवसीय ग्रैंड फिनाले का नागराज मंजुले के हाथों उद्घाटन

दीपप्रज्वलन के जरिए 'साई- फाई 2017' ट्रॉफी एकांकिका प्रतियोगिता महोत्सव का उद्घाटन करते हुए नागराज मंजुले, विक्रम गोखले साथ में संजय काटकर व सुधीर हिरेमठ।

पुणे, साइबर सिक्योरिटी के बारे में जागरूकता लाने हेतु क्विक हील फाउंडेशन द्वारा पुणे साइबर पुलिस के साथ मिल कर एकांकिका की अनोखा प्रतियोगिता महोत्सव का आयोजन किया है। 'साई- फाई 2017' ट्रॉफी के नाम से शुरु इस प्रतियोगिता तीन दिवसीय ग्रांड फिनाले का उद्घाटन प्रख्यात फिल्म निमार्ता और पटकथा लेखक नागराज मंजुले के हाथों किया गया। भारत नाट्य मंदिर में यह चैंपियनशिप जीतने के लिए 20 टीमों में होगी प्रतिस्पर्धा हो रही है। प्रख्यात फिल्म और नाट्यकर्मी आलोक राजवाडे और अश्विनी गिरी ग्रैंड फिनाले का परीक्षण करेंगे।

बीती शाम संपन्न हुए इस प्रतियोगिता महोत्सव के उद्घाटन समारोह में क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी संजय काटकर, पुणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और साइबर अपराध के पुलिस उपायुक्त सुधीर हिरेमठ, एक्सप्रेशन लैब के निदेशक प्रदीप वैद्यइस, वरिष्ठ हिंदी व मराठी फिल्म अभिनेता विक्रम गोखले आदि बतौर प्रमुख अतिथि के उपस्थित थे।

'साई- फाई 2017' ट्रॉफी की प्रविष्टियां सितंबर 2017 में आमंत्रित की गई थी जिसमें पुणे, मुंबई, औरंगाबाद, कोल्हापुर, गोवा और नागपुर इन 6 केंद्रों की टीमें शामिल थी। इसमें 100 से अधिक टीम पंजीकृत हुई और दो महीने की कठोर चयन प्रक्रिया के बाद 20 टीमों ने 22 से 24 दिसंबर से भरत भारत नाट्य मंदिर में होने जा रहे प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के लिए योग्यता प्राप्त की है। विजेताओं की घोषणा और पुरस्कार वितरण समारोह 24 दिसंबर को शाम 5 बजे प्रख्यात फिल्म और टेलीविजन जगत की जानी- मानी हस्तियों की उपस्थिति में होगा।

सोशल मीडिया का विश्व बना दूषित

फिलहाल सोशल मीडिया का दौर है, मगर इसके इस्तेमाल के साथ इसके दुरुपयोग से साइबर क्राइम भी तेजी से बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए जो कुछ वायरल किया जा रहा है, वह काफी भयानक है, इससे देश की सुरक्षितता के लिए भी खतरा बन गया है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया से वर्च्युअल वर्ल्ड दूषित हो गया है, यह चिंता जताते हुए फिल्म निर्माता- निर्देशक नागराज मंजुले ने इस मसले की ओर गंभीरता से देखने व विचार करने की जरुरत बतायी। कुछ दिन पूर्व मेरा फेसबुक एकाऊंट हैक किया गया था, यह रहस्योजागर करते हुए उन्होंने कहा, फेसबुक के साथ मोबाईल का पासवर्ड भी हैक किया जा रहा है, यह काफी बड़ा संकट है।

आईटी सुरक्षा समाधानों के अग्रणी प्रदाता क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की सीएसआर की शाखा क्विक हील फाउंडेशन की पुणे शहर पुलिस के सहयोग से शुरु की गई 'साई- फाई 2017' ट्रॉफी एकांकिका प्रतियोगिता महोत्सव एक ऐसी पहल है जो एक्सप्रेशन लैब और पंख एनजीओ द्वारा समर्थित है। इस अनोखे उत्सव का लक्ष्य मानव जीवन पर डिजिटल क्रांति के प्रभाव को दशर्नेवाला एक जीवंत प्लेटफार्म बनाने का है। 'साई- फाई 2017' नेटिझन्स के लिए आभासी दुनिया को एक सुरक्षित स्थान बनाने के प्रति क्विक हील और पुणे शहर पुलिस की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।